हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 14 फरवरी 2026

06 नगरीय निकायों में अधूरे पड़े 384 पीएम आवासों पर मंडरा रहा...



07 3 दिवसीय तिलक सिंदूर मेला आज से 16 फरवरी...





# उमड़ा आस्था का सैलाब, लाखों श्रद्धालुओं ने किए भगवान भोलेनाथ के दर्शन, प्रशासन अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम अंचल में स्थित सतपुड़ा की सुरम्य वादियों में ऊंचे पहाड़ दुर्गम रास्ते और रास्तों पर श्रद्धालुओं की लंबी कतार। यह मनोरम दृश्य है मध्य प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी के प्रसिद्ध चौरागढ़ स्थल का। जहां पर महाशिवरात्रि पर्व के लिए लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ अपने आराध्य भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने निरंतर आगे बढ़ रही है। कठिन चढ़ाई होने के बावजूद भक्त पूरी श्रद्धा एवं आस्था के साथ दुर्गम मार्ग को पार कर मंदिर पहुंच रहे है। भक्तों के आवागमन का यह क्रम रात्रि में भी सतत रूप से जारी है। दुर्गम रास्तों पर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर उन्हें राहत प्रदान की जा रही है। जगह-जगह पर स्वास्थ्य कैंप, खोया पाया केंद्र, कंट्रोल रूम, सहायता केंद्र स्थापित कर श्रद्धालुओं को मार्ग में आने वाली समस्याओं का समाधान करवाया जा रहा है।



### 15 तक पचमढ़ी मेला

पचमढ़ी में 15 फरवरी 2025 तक महाशिवरात्रि मेला आयोजित किया गया है। इस दौरान श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न मेला स्थलों चौरागढ़, नांदिया जंक्शन, अंडरपास, बीड़, बड़ा महादेव, नांदिया ग्राम, जटाशंकर इत्यादि पर मेडिकल टीम तैनात की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेले में विभिन्न स्थलों पर डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, ऑक्सीजन सिलेंडर, स्ट्रेचर और जीवनरक्षक दवाइयों के साथ मेडिकल टीम तैनात है। श्रद्धालुओं को प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके अलावा मेले में एम्बुलेंसों भी तैनात की है, जो गंभीर मरीजों को अग्रिम उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचमढ़ी भेजती हैं। मेले के दौरान अधिकांश मरीज हाथ-पैर दर्द, बुखार, श्वांस लेने में तकलीफ, घबराहट और डिहाइड्रेशन के कारण उपचार के लिए आ रहे हैं।

### आपदा प्रबंधन बनी मददगार

आपदा प्रबंधन की टीम द्वारा भी बीमार एवं घायल श्रद्धालुओं को तत्परता से नजदीकी हेल्थ कैंप अथवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचा जा रहा है जिससे उन्हें समय पर उपचार दिया जा सके। प्राप्त जानकारी के अनुसार छिंदवाड़ा निवासी रवि जथुराया को प्रवेश द्वार पर चोट आने पर डीपी प्वाइंट मेडिकल कैंप तक स्थापना उपचार दिलाया गया। सकरी पुलिया पर एक व्यक्ति के गंभीर रूप से बीमार हो जाने पर स्ट्रेचर की मदद से डीपी पॉइंट तक तथा एंबुलेंस से पचमढ़ी अस्पताल भेजा गया। इसी प्रकार एनडीआरएफ टीम द्वारा अमरावती निवासी बबनराव चांदने को चोरागढ़ से बीड पॉइंट एवं अस्पताल रेफर किया गया। साथ ही आपदा प्रबंधन टीम द्वारा चौरागढ़ से एक बुजुर्ग को ऑक्सीजन की कमी के कारण पचमढ़ी अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया।

### खोया पाया केंद्र पर मिल रही सुविधाएं

मेले में खोया पाया केंद्र भी सतत रूप से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए संचालित है तथा अपने स्वजनों से बिछड़े हुए लोगों को मिलने के लिए सतत रूप से प्रयास कर रहा है मेले में लगभग 6 वर्षीय नित्य को उनके पिता अनूप रत्न से खोया पाया केंद्र ने सकारात्मक रूप से प्रयास कर मिलाया।

### उमा महेश श्रृंगार के दर्शन हुए



आस्था,विश्वास और आराधना का पर्व महाशिवरात्रि 15 फरवरी को धूम-धाम से जिले में मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियां जारी है। इधर नर्मदा तट के गोल घाट पर विराजमान काले महादेव का शुक्रवार को उमा महेश श्रृंगार किया गया। इस दौरान हल्दी की रस्में व महिलाओं द्वारा सुहाग की सामग्री एक दूसरे को बांटकर पति की लंबी आयु की कामना की गई। भगवान की भक्ति में रमी महिलाओं ने शिव भक्ति से ओतप्रोत भजनों भी गाए। शाम को महाआरती का आयोजन हुआ जिसमें सैंकड़ों की संख्या में भक्त शामिल हुए। आज काले महादेव का भव्य पूजन और पंचोपचार अभिषेक और शिवतांडव श्रृंगार किया जाएगा। वहीं 15 फरवरी को प्रातः 4 बजे उज्जैन की तर्ज पर भस्म आरती होगी। शाम 4 बजे भव्य श्रृंगार कर काले महादेव की शाही सवारी निकाली जाएगी। इसके बाद रात्रि में महापूजन और अभिषेक होगा। पर्व को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों और रोशनी से सजाया जा रहा है। सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए गए हैं। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु जलपान और प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई है। आयोजकों ने अधिक से अधिक भक्तों से समय पर पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### साक्षात कैलाश्वर ब्रह्म का दिव्य प्राकट्य पर्व है महाशिवरात्रिः आचार्य परसाई



नर्मदापुरम। पुण्यभूमि नर्मदापुरम में महाशिवरात्रि का पावन उत्सव अपार श्रद्धा, आस्था और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। यह रात्रि साक्षात कैलाशपति भगवान शिव के दिव्य प्राकट्य का महापर्व है। संपूर्ण जिले में शिवालयों में विशेष अलंकरण, रुद्राभिषेक, महाआरती और रात्रि-जागरण की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। हर-हर महादेव के गगनभेदी जयघोष से वातावरण शिवमय हो उठा है। मुख्यालय सहित पचमढ़ी और इटारसी के तिलक सिंदूर स्थित देवालयों में भव्य सज्जा की गई है। पचमढ़ी में श्रद्धालुओं का सतत आगमन जारी है, वहीं तिलक सिंदूर में भी धर्ममय मेले की समुचित व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं।

#### द्वादश ज्योतिर्लिंगों की महिमा और शिवतत्व का महात्म्य

धर्माधिकारी आचार्य सोमेश परसाई ने बताया कि वर्षभर में 40 नवरात्रि आती हैं,किंतु महाशिवरात्रि शिवतत्व के साक्षात अवतरण की रात्रि मानी गई है। मान्यता है कि इसी चतुर्दशी तिथि को भगवान शिव ज्योतिर्मय लिंगस्वरूप में प्रकट हुए थे, अतः यह रात्रि परम मंगलकारी और मोक्षप्रदायिनी मानी जाती है। महाशिवरात्रि का संबंध द्वादश ज्योतिर्लिंगों से भी है, जिनमें प्रमुख हैं-सोमनाथ मंदिर,मल्लिकार्जुन मंदिर,महाकालेश्वर मंदिर,ओंकारेश्वर मंदिर,केदारनाथ मंदिर,भीमाशंकर मंदिर,काशी विश्वनाथ मंदिर,त्र्यंबकेश्वर मंदिर,नागेश्वर ज्योतिर्लिंग,बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग,रामेश्वरम मंदिर तथा घृष्णेश्वर मंदिर हैं। भक्तजन इस पावन रात्रि में उपवास, जप, तप, रुद्राभिषेक और शिवचालीसा पाठ कर कल्याण एवं मोक्ष की कामना करते हैं। मान्यता है कि श्रद्धा और समर्पण भाव से की गई शिवआराधना से समस्त पापों का क्षय होता है और जीवन में सुख, शांति तथा आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है। समूचा नर्मदापुरम जिला शिवभक्ति में लीन है। आचार्य सोमेश परसाई ने बताया कि सालभर में 40 नवरात्रियां होती हैं, इन 40 में शिव की रात्रि भी सम्मिलित है। शिवरात्रि मूल रूप से भगवान के प्रकट का उत्सव है। भगवान उस समय मंगल चिन्हं के रूप में प्रकट हुए थे। उसी दिन भगवान वैद्यनाथ की जयंती भी है। जिस प्रकार नौ दुर्गा रहती है, ठीक उसी प्रकार से द्वादश ज्योतिर्लिंग की एक-एक रात्रि मानी गई है। 2 फरवरी से द्वादश ज्योतिर्लिंग सोमनाथ (गुजरात), मल्लिकार्जुन (आंध्र प्रदेश), महाकालेश्वर (उज्जैन), ओंकारेश्वर (मध्य प्रदेश), केदारनाथ (उत्तराखंड), भीमशंकर (महाराष्ट्र), विश्वनाथ (वाराणसी), त्र्यम्बकेश्वर (महाराष्ट्र), वैद्यनाथ (झारखंड), नागेश्वर (गुजरात), रामेश्वर (तमिलनाडु), और घृष्णेश्वर (महाराष्ट्र) आदि शामिल हैं। चतुर्दशी के दिन साक्षात कैलाश्वर महादेव का प्रादुर्भाव मनाया जाता है।

### कृषि विभाग को हिदायत, किसानों तक पहुंचे पाठशाला का आयोजन करें

# नर्मदापुरम जिले का नाम नरवाई जलाने वालों में रखता है प्रमुख स्थानः कमिश्नर

त्वरित लाभ और समय की बचत के लिए किसान नरवाई में आग लगाकर अपने ही खेतों की उर्वरता को नुकसान पहुँचा रहे हैं। हाल ही में कृष्ण गोपाल तिवारी द्वारा आयोजित बैठक में यह सामने आया कि नर्मदापुरम जिला प्रदेश में नरवाई जलाने की घटनाओं में प्रमुख स्थान पर है। यह स्थिति न केवल पर्यावरण बल्कि कृषि के भविष्य के लिए भी चिंताजनक है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



खेती को लाभ धंधा कहा जाता है लेकिन कम समय और थोड़े से मुनाफे के लिए किसान नरवाई में आग लगाकर खेतों के पोषक तत्वों का बर्बाद करने पर तुला है। जिला नरवाई में जलाने में प्रदेश में अगल ही स्थान बनाए हुए है।

यह बात उस समय सामने आई जब कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की और कहा कि प्रदेश में नर्मदापुरम जिले का नाम नरवाई जलाने वालों में प्रमुख स्थान पर है। यह हम सबके लिए विचारणीय है। कमिश्नर ने कहा की नरवाई का बेहतर से बेहतर और आसान प्रबंधन कैसे हो इसके लिए कृषि विभाग के अधिकारी किसानों एवं जनप्रतिनिधियों से सलाह ले एवं उनके दिए गए सलाह के अनुरूप उसका पालन करें।

### अधिकारी किसानों के बीच पहुंचे

कमिश्नर ने साफ शब्दों में कहा कि कृषि विभाग के अधिकारी किसानों के बीच जाकर नरवाई का बेहतर प्रबंधन करने के लिए किसानों से आवश्यक सुझाव मांगे, साथ ही मूंग के विकल्प के रूप में कौन सी फसल लगाना उचित रहेगा इसके लिए भी किसानों एवं जनप्रतिनिधियों से आवश्यक सुझाव आमंत्रित करें। किसान कल्याण एवं कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, सहकारिता, उद्यानिकी, मत्स्य विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने कहा कि नरवाई की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। कमिश्नर ने कहा कि कस्टम हायरिंग सेंटर्स में रखे कृषि यंत्रों का किसान कृषि कार्यों में ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें, इसके लिए कस्टम हायरिंग सेंटर का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। कस्टम हायरिंग सेंटर में रखें कृषि यंत्रों की जानकारी किसानों तक पहुंचाई जाए। इसके लिए विशेष तौर पर दीवार लेखन भी किया जाए। ताकि कस्टम हायरिंग सेंटर की जानकारी किसानों तक पहुंच जाए। कृषि यंत्रों की भी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से एंट्री की जाए।

कमिश्नर ने सहकारिता विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की दुग्ध समिति एवं समिति के सदस्यों के खाते सहकारिता बैंक में खुलवाए जाए, उन्होंने 06 पैक्स समिति जो प्रस्तावित है उसे बनाने के निर्देश दिए। सहकारी समितियों में जन औषधि केंद्र स्थापित करने और राजस्व रिकवरी बढ़ाने के निर्देश दिए।

### प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करे

कमिश्नर ने कहा कि कृषि विभाग किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करे, शासन द्वारा प्राकृतिक खेती के लिए दिए जाने वाले अनुदान सहायता राशि के संबंध में किसानों को समझाइश दी जाए और प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को अनुदान सहायता राशि का लाभ भी दिलाया जाए।

### कमिश्नर ने दी सख्त हिदायत

कमिश्नर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को सख्त हिदायत दी की वह शासन के निर्देश के अनुसार अपने-अपने जिले में मिलेट्स मेला का आयोजन अनिवार्य रूप से कर ले और तत संबंध में प्राप्त बजट का भी उपयोग करें। कमिश्नर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को हिदायत दी कि वे खेत पाठशाला एवं संगोष्ठी का आयोजन कर किसानों को खाद एवं बीज की उपलब्धता, प्राकृतिक खेती एवं शासन द्वारा किसानों को दिए जा रहे हैं अनुदान योजनाओं की जानकारी से अवगत कराए। उन्होंने कहा कि मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में किसानों की खेत की मृदा का परीक्षण भी अनिवार्य रूप से किया जाए।

### मुख्य सड़कों पर कब्जे से मार्ग अवरुद्ध, कार्रवाई की मांग

## मीनाक्षी चौक की खाली जगह पर रखवाए जा रहे हैं अपने चहेतों के टपः भवानी शंकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में मुख्य सड़कों पर वाहन, सामान और पक्के अतिक्रमण से मार्ग अवरूद्ध हो रहा है। इसको लेकर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भवानी शंकर शर्मा ने नगर पालिका अध्यक्ष को अवगत कराया की वे जनहित के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण कर दुकानों का सामान सड़क पर रखा जा रहा है वहीं बीच सड़क पर वाहन, ठेले वाले, सब्जी की दुकान वाले एवं बाजार में दुकानों का सामान सड़क पर रखने के कारण प्रतिदिन जाम लगता है।

घर जाने के 5 मिनिट के रास्ते में करीब आधा घंटा तक लग जाता है। श्री शर्मा ने कहा कि नगरपालिका का दायित्व है कि अस्थाई एवं स्थाई अतिक्रमण हटायें। नागरिकों से लाखों टेक्स लेने के बाद भी सुविधा से रहने लायक शहर बनाना आपका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पूर्व अध्यक्ष भ्रष्टाचार के साथ-साथ नागरिकों की सुविधा का ध्यान भी रखते थे। उन्होंने विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव को पत्र लिखकर अवगत कराया कि शहर में अतिक्रमण बढ़ रहा है इस पर रोक लगे। श्री शर्मा ने कहा मीनाक्षी चौक आदि जो चोड़े किये गये है उनमें भी खाली जगह में चहेतों के टप रखवाए जा रहे हैं।

### दृढ़ संकल्प शक्ति से ही संभव होता है हर कार्य

श्री शर्मा ने कहा कि नागरिकों की सुविधा एवं कर्तव्य पालन की मंशा हो तो दृढ़ संकल्प शक्ति के द्वारा सब कार्य किये जा सकते हैं। उन्होंने कहा पिपरिया नगरपालिका परिषद द्वारा कई कार्य किये गये हैं। वहां चौड़ी, साफ सुथरी सड़कें, वहां के अध्यक्ष का यश गान कर रहीं हैं। उन्होंने विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव से कहा कि चहेते पार्षदों के साथ पिपरिया का दौरा कर आयें। यह सार्वजनिक तथ्य है कि चौड़ी सड़कें, साफ सफाई एवं जनहित के कार्यों में भी भ्रष्टाचार होता है फर्क सिर्फ कम ज्यादा का है। उन्होंने आग्रह किया कि आपके कार्यकाल को इतिहास का सबसे खराब कार्यकाल के रूप में याद नहीं किया जाये इसलिये जितना समय बचा है उसमें थोड़ा जनहित के कार्य भी कर लें तो उचित होगा।

### संभागीय बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप नर्मदा रत्न का आयोजन आज

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुर युवा मंडल एवं जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन द्वारा इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन के मार्गदर्शन एवं राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्यप्रदेश के तत्वावधान में आज शनिवार को संभाग स्तरीय बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप ₹नर्मदा रत्न 2026₹ का आयोजन शाम 7 बजे से अग्निहोत्री गार्डन में होगा। जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन सचिव विजय दिवोलिया ने बताया कि नर्मदापुरम , पिपरिया, इटारसी, सोहागपुर, सिवनी मालवा, सोहागपुर, हरदा, बैतूल, बुदनी के बॉडी बिल्डर अपने शरीर सौष्ठव का प्रदर्शन करेंगे। इस चैंपियनशिप में लगभग 51 हजार कैश प्राइज एवं चमचमाती ट्रॉफियों और मेडल दिए जाएंगे।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए 13 अवकाश किए घोषित

**नर्मदापुरम।** महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी निर्देश पर कैलेंडर वर्ष 2026 के लिए जिले में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु 13 अवकाश निर्धारित किए गए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया ने बताया 3 मार्च को होली, 19 मार्च को गुड़ी पड़वा, 21 मार्च को ईद-उल-फितर, 1 मई को बुद्ध पूर्णिमा, 27 मई को ईदुज्जुहा, 26 अगस्त को मिलाद-उन-नबी, 28 अगस्त को रक्षाबंधन, 4 सितंबर को जन्माष्टमी, 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी, 19 अक्टूबर को दुर्गा नवमी महानवमी, 20 अक्टूबर को दशहरा विजयादशमी, 9 नवंबर को गोवर्धन पूजा तथा 25 दिसंबर को क्रिसमस का अवकाश घोषित किया गया है।

### दिन में उमस रात में हल्की सर्दी का मौसम

**नर्मदापुरम।** मौसम में परिवर्तन का दौर जारी है। शुक्रवार को दिन के पारे में 1.3 डिसे की बढ़त दर्ज की गई और पारा 31.3 डिसे पर जाकर ठहरा। वहीं रात के पारे में मामूली गिरावट आईर और पारा 16.9 रहा।

### अवैध खनन पर की कार्रवाई

## रेत का ओवरलोड परिवहन करते 9 डम्पर किए जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश पर जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरुद्ध खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ग्रीन पार्क ढाबा नर्मदापुरम के पास से 9 डम्परों को रेत खनिज का ओवरलोड परिवहन करते हुए जब्त किया गया।

जप्त किए गए डम्परों के क्रमांक आरजे 17जीबी 3374, एमपी 04 वाययू 5499, एमपी 04जेडजे 5639,एमपी 40 जेडएफ 7939, एमपी 04 एचई 5739, एमपी 04 वायटी 5410, एमपी 04 जेडएस 5439, आरजे 17जीसी 9311 एवं एमपी 04 एचई 5808 हैं। सभी वाहनों को सुरक्षार्थ क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय नर्मदापुरम परिसर में खड़ा कराया गया है।


कार्रवाई के दौरान एसडीएम जय सोलंकी, जिला खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम, खनिज निरीक्षक पिंकी चौहान, थाना प्रभारी देहात सौरभ पाण्डे, प्रभार खनिज निरीक्षक कृष्णकांत सिंह परस्ते, हेमंत राज, सिपाही एवं होमगार्ड बल मौजूद रहा। जब्त वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### सास ने कहा कि दामाद के रूप में मिला है बेटा

## दहेज मुक्त विवाह की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

गत दस फरवरी को श्री श्याम रेसीडेंसी सनखेड़ा नाका निवासी इटारसी सौरभ पटेल का विवाह स्थानीय तहसील में कार्यरत महिला कर्मचारी कीर्ति हितेष पटेल की पुत्री वैष्णवी पटेल से हुआ। दूल्हा सौरभ ने अपनी सास और उनके परिजनों को दहेज में कुछ नहीं देने को कहा और दहेज के रूप में कुछ नहीं लिया। इस सबंध में सौरभ पटेल की सास एवं वैष्णवी पटेल की मां कीर्ति पटेल ने बताया कि सौरभ और उनके माता पिता ने कहा कि हमे दहेज में कुछ नहीं चाहिए, आपकी बेटी हमारे लिये लक्ष्मी है। भगवान का दिया सब कुछ है। इस सबंध में दूल्हा सौरभ पटेल ने कहा कि हमें दहेज प्रथा को समाज से खत्म करना चाहिए इस तरह जो गरीब परिवार है उन्हें भी काफी मदद मिलेगी मेरे माता पिता ने कहा कि बहू लक्ष्मी है हमें बहू नहीं बेटी मिली है। जिसकी कीमत दहेज के रूप में नहीं लगाई जा सकती है।इस निर्णय से समाज को एक नई दिशा मिलेगी।



## दो चरणों में होगी की प्रथम डिजीटल जनगणना, 16 से दी जाएगी ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

1 मई से जनगणना का प्रथम चरण प्रारंभ हो जाएगा। 2027 जनगणना देश की प्रथम ऐसी जनगणना होगी जिसमें डिजिटल माध्यम से तथा मोबाइल एप्लीकेशन एवं आधुनिक तकनीक का उपयोग कर आंकड़ों का संकलन किया जाएगा।


जनगणना 2027 दो चरणों में संपादित की जाएगी जिसमें प्रथम चरण 1 मई से 30 मई 2026 तक आयोजित होगा । इसके बाद फरवरी 2027 में द्वितीय चरण संपादित किया जाएगा। जनगणना 2027 के तहत आंकड़ों के प्रभावी संकलन के लिए देश में प्रथम बार डिजिटल टूल्स का उपयोग कर जानकारी संकलित की जाएगी जिससे पूरी प्रक्रिया के तहत सटीक एवं व्यवस्थित डेटा संकलन को सुनिश्चित किया जाएगा। जिले में भी जनगणना 2027 के तहत कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सोनिया मीना के निर्देश अनुसार जनगणना कार्यक्रम में संलग्न होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारी के लिए प्रशिक्षण एवं अन्य तैयारियों को प्रारंभ कर दिया गया है। 16 एवं 17 फरवरी को जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा जिसमें जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की जाएगी। इस दौरान जिले के समस्त अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, चार्ज जनगणना अधिकारी, (मुख्य नगरपालिका अधिकारी) चार्ज जनगणना अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी को प्रशिक्षित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### गुदगत रोगों के लिए 14 फरवरी तक चलेगा शिविर

**बैतूल।** जिला आयुर्वेद चिकित्सालय टिकारी में गुदगत रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर योगेश चौकीकर के निर्देशन में इस शिविर के लिए पंजीयन 26 दिसंबर 25 से प्रारंभ किया गया था, जबकि विशेष शिविर 05 फरवरी 26 से शुरू होकर 14 फरवरी तक चलेगा। शिविर में आयुर्वेदिक शल्य विशेषज्ञ डॉक्टर रवि चौकिकर द्वारा बवासीर, फिस्टुला और फिशर जैसी समस्याओं से पीड़ित मरीजों का सफल उपचार किया जा रहा है। शिविर के दौरान अनुभवी आयुर्वेद विशेषज्ञों द्वारा मरीजों की विस्तृत जांच कर परामर्श और उपचार प्रदान किया गया। जिले भर से 200 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रियंका क्रासदे एवं डॉक्टर वर्षा उईके का भी शिविर में सक्रिय सहयोग रहा। डॉक्टर योगेश चौकीकर ने बताया कि यह शिविर बवासीर की समस्या को जड़ से दूर करने पर केंद्रित है, जो आधुनिक सर्जरी की तुलना में बेहतर और दर्दरहित विकल्प है। मरीजों ने जांच, दवा और परामर्श व्यवस्था की सराहना की। अस्पताल प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि शेष दिनों में पहुंचकर उपचार अवश्य कराएं।

### अंबेडकर वार्ड के सूने मकान में चोरी, नकदी व जेवरात चोरी



**मुलताई।** मुलताई नगर में आपराधिक गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रही है जगह-जगह जुआ सट्टा और सुखे नसे का व्यापार फल फूल रहा है तो वही चोरी की वारदाते आम व्यक्ति मे भय पैदा कर रही है। हाल ही में अंबेडकर वार्ड में अज्ञात चोरों ने सूने मकान का ताला तोडक़र चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मकान मालिक के अनुसार चोर करीब 40 हजार रुपये नकद तथा 70 से 80 हजार रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। घटना के बाद वार्डवासियों में भय का माहौल है। पान ठेला संचालक संजू पवार ने बताया कि उनकी सास गेंदाबाई पवार घर में अकेली रहती हैं। वे उपचार हेतु छिंदवाड़ा गई हुई थीं, जिसके कारण मकान बंद था। गुरुवार रात चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोडक़र घर में प्रवेश किया और कमरों की तलाशी लेकर अलमारी में रखी नकदी व जेवरात चोरी कर लिए। सुबह परिजन जब घर पहुंचे तो ताला टूटा मिला और सामान बिखरा हुआ था। सूचना मिलते ही मुलताई पुलिस मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ की।

### 13 हजार 533 विद्यार्थियों ने दी 12वीं बोर्ड परीक्षा

**बैतूल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा-2026 के तहत शुक्रवार को जिले में कक्षा 12वीं का अर्थशास्त्र, भौतिक शास्त्र, पशुपालन तथा विज्ञान के तत्व विषय का प्रश्नपत्र शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में इस बार 110 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिनमें कुल 13 हजार 762 परीक्षार्थी दर्ज थे। इनमें से 13 हजार 533 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 229 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए अधिकारियों ने 24 परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एक केंद्र पर पर्यवेक्षक द्वारा नकल का एक मामला दर्ज किया गया।

### आज से शुरू होगा शिवम सेवा समिति का 17वां महाभंडारा

**बैतूल।** शिवम सेवा समिति का 17वां महाभंडारा आज 14 फरवरी को सुबह 11.30 बजे से कमानी गेट, कोठी बाजार में विधिवत प्रारंभ होगा। लगातार तीन दिनों तक चलने वाले इस महाभंडारे में हजारों श्रद्धालुओं के लिए उत्तम एवं व्यवस्थित भोजन की व्यवस्था की गई है। समिति के सदस्य पिछले कई दिनों से तैयारियों में जुटे हुए थे और आज से यह सेवा कार्य औपचारिक रूप से शुरू हो रहा है।

संभवत: मार्च में बंद हो सकती है जियो टैगिंग, फिर बची हुई राशि मिलने की संभावना कम !

# नगरीय निकायों में अधूरे पड़े 384 पीएम आवासों पर मंडरा रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना 1.0 बंद हो चुकी है, लेकिन बैतूल जिले में 1.0 के तहत स्वीकृत आवासों की तस्वीर आज भी अधूरी और चिंताजनक बनी हुई है। हालात यह है कि शासन से 1-1 लाख रुपए की राशि लेने के बावजूद 384 हितग्राहियों ने अपने आवासों का निर्माण पूर्ण नहीं कराया। अब इन अधूरे आवासों की जो राशि बची हुई है, वह मिलेगी या नहीं, यह स्थिति बनने की संभावना इसलिए भी है, क्योंकि मार्च महीने से पीएम आवास योजना 1.0 के लिए जियो टैगिंग बंद सकती है।

जियो टैगिंग के आधार पर ही आगे की कार्रवाई और राशि जारी होती है। यदि जियो टैगिंग एप मार्च माह में बंद होता है तो फिर इन अधुरे आवासों की जियो टैगिंग ही नहीं होगी। जब जियो टैगिंग ही नहीं होगी तो फिर बची हुई राशि मिलने की भी कोई संभावना नहीं रहेगी। बताया जा रहा है कि अभी तक शासन द्वारा अधूरे आवासों को पूरा करने के लिए विभिन्न तरह से हितग्राहियों को प्रेरित किया जा रहा था। इसके बाद भी नहीं मानने पर नोटिस देने और बैंक खाते होल्ड करने जैसे सख्त कदम भी उठाए गए थे। हालांकि अभी तक शासन ने राशि नहीं देने जैसी कोई चेतावनी नहीं दी है, लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि अधूरे पड़े आवासों की राशि हमेशा के लिए लटक सकती है।

### जिले में पीएम आवास शहरी के 384 आवास अपूर्ण

जिले में पीएम आवास शहरी 1.0 योजना के तहत कुल 8875 आवास स्वीकृत हुए थे, जिसमें से 8488 आवास पूर्ण हो चुके है, वहीं 384 आवास अपूर्ण है। सबसे खराब स्थिति चिचोली नगरीय निकाय की है, यहां पर अभी 114 आवास अपूर्ण है। इसके अलावा बैतूल नगरपालिका क्षेत्र की बात करते तो यहां 42 आवास अपूर्ण है। इसमें से 5 लोगों ने पहली किस्त लेने के बाद भी काम नहीं किया, वहीं 37 हितग्राही ऐसे है, जिन्हें पहली और दूसरी किस्त की राशि तो मिली, लेकिन राशि के अनुसार कार्य नहीं कराया। किसी हितग्राही का आवास छत लेवल तक नहीं पहुंचा, तो किसी ने दूसरी किस्त लेने के बाद भी काम नहीं किया। जिसके कारण उनकी तीसरी किस्त अटक गई।

## पीएम आवास 2.0 में आए 584 आवेदन, 295 को एप्रुवल

पीएम आवास 2.0 के तहत बैतूल नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत 584 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए थे, जिसमें से विड्राल और रिजेक्ट होने के बाद 350 आवेदन शेष बचे। इन आवेदनों में से 275 एप्रुव यानि पोर्टल पर वेरिफाइ होकर जियो टैगिंग हो चुकी है, वहीं 284 लोगों की डीपीआर बनाकर शासन को भेजी जा चुकी है। बता दे कि पीएम आवास 2.0 इस बार आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन अपनाई गई है। पहले पीएम आवास में हितग्राही नगरपालिका में जाकर ऑफलाइन आवेदन करते थे। सभी दस्तावेज जमा किये जाते थे, लेकिन अब हितग्राहियों को ऑनलाइन आवेदन करना होता है। बार प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में आवेदन करते समय वार्ड पार्षद की सील और हस्ताक्षर भी लग रहे है। जिससे यह प्रमाणित हो सके कि आवेदन करने वाला व्यक्ति उसी वार्ड में कच्चे मकान में रहता है या उसके प्लॉट की रजिस्ट्री उसी स्थान की है। अब रजिस्ट्री, पट्टा आवेदक के नाम का ही होना चाहिए। पहले सहमति पत्र लगाकर भी स्वीकृति मिल जाती थी। लेकिन शासन ने नियमों में बदलाव करते हुए अब ऑनलाइन प्रक्रिया में आवेदक के नाम पर ही दस्तावेज होना जरूरी होगा। इस बार आवेदन के साथ आय प्रमाण-पत्र लगाना होगा, जिससे व्यक्ति की आय की जानकारी मिलेगी। जाति प्रमाण-पत्र और निवास प्रमाण-पत्र भी अनिवार्य किए हैं। निवास प्रमाण-पत्र से पता लगेगा कि व्यक्ति नगरपालिका क्षेत्र के ही वार्ड का निवासी है।

### चिचोली सबसे अधिक और आमला में सबसे कम आवास अपूर्ण

जिले में पीएम आवास स्थिति पर नजर डाले तो निकायों के अंतर्गत स्वीकृत पीएम आवास योजना 1.0 में सबसे अधिक चिचोली नगर परिषद में आवास अपूर्ण है। यहां 114 आवास अपूर्ण बताये जा रहा है। इसके अलावा आमला में 11, आठनेर में 47, बैतूल बाजार में 65, भैंसदेही में 49, मुलताई में 16 और शाहपुर में 30 आवास अपूर्ण है। जिले की नियमों में कुल 384 आवास ऐसे है, जिन्होंने शासन से मिलने वाली राशि तो ली, लेकिन आवास को पूर्ण कराने या राशि के अनुसार कार्य कराने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। जिसके कारण आवास अपूर्ण रह गये। अब इन आवासों पर खतरा मंडरा रहा है कि अपूर्ण आवासों के लिए आगे की किस्त मिलेगी या नहीं?

### 10.11 लाख रुपए हितग्राहियों से वसूले

प्रशासनिक सख्ती के बाद कुछ हरकत जरूर देखने को मिली है। बैंक खाते फीज होने के बाद कुछ हितग्राहियों ने राशि जमा कराई, जिससे कुल 10.11 लाख रुपए की वसूली होना बताई जाती है। बावजूद इसके स्थिति पूरी तरह संतोषजनक नहीं है। जिले के पांच ब्लॉकों के 43 हितग्राही अब भी ऐसे हैं, जिन्होंने न तो राशि लौटाई और न ही आवास निर्माण की दिशा में कोई पहल की। इन मामलों में आरआरसी की कार्रवाही आज भी अधर में लटकी हुई है। चिचोली नगर परिषद में 47 आवास प्रकरणों में आरआरसी जारी कर हितग्राहियों के खाते फ्रीज किए गए। इसके बाद भैंसदेही में 37, बैतूल बाजार में 28, बैतूल नगर में 24, आठनेर और मुलताई में 14-14 तथा आमला-शाहपुर में 6-6 एवं घोड़ाडोंगरी में 3 हितग्राहियों के खाते फ्रीज किए गए है।

### जिले में पीएम आवास 1.0 योजना की स्थिति

| निकाय | अपूर्ण आवास |
|---|---|
| बैतूल | 42 |
| आमला | 11 |
| आठनेर | 47 |
| बैतूल बा. | 65 |
| भैंसदेही | 49 |
| चिचोली | 114 |
| मुलताई | 16 |
| शाहपुर | 30 |

### इनका कहना है -

हितग्राहियों के बैंक खाते फ्रीज किए गए है। नोटिस जारी कर उन्हें आवास पूर्ण करने के लिए भी कई बार कहा गया, लेकिन हितग्राहियों ने आवास पूर्ण नहीं किए है। अब मामले में तहसीलदार के माध्यम से कुर्की की कार्रवाही प्रस्तावित की जाएगी। अभी जियो टैगिंग चल रही है। संभवत: मार्च के बाद जियो टैगिंग बंद हो सकती है। जब जियो टैगिंग ही नहीं होगी तो फिर बची हुई राशि मिलने की भी कोई संभावना नहीं रहेगी। जैसे शासन से निर्देश मिलेगे, उसके अनुसार कार्य किया जायेगा।

**- सतीश मटसेनिया, सीएमओ, नगरपालिका बैतूल**

# ट्रैंचिंग ग्राउंड में बनेगा एमआरएफ सेंटर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत पाथाखेड़ा स्थित ट्रैचिंग ग्राउंड में एमआरएफ सेंटर (मटेरियल रिकवरी फैसलिटी) का निर्माण किया जाएगा। शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदगणों ने उक्त निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। एमआरएफ सेंटर बन जाने से शहर से उत्सर्जित होने वाले गीले एवं सूखे कचरे के निपटान में आसानी होगी। पाथाखेड़ा के वार्ड 22 स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत लगभग 80 लाख की लागत से एमआरएफ सेंटर का निर्माण किया जाएगा। शुक्रवार 13 फरवरी को नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, सभापति गणेश महस्की, पार्षद वंदना वामनकर, योगेश बर्डे, जफर अंसारी, आकाश पंद्राम, उपयंत्री नितिन मीणा आदि रहे मौजूद।

> गीला व सूखा कचरे के निपटान में होगी आसानी, नपाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने किया भूमि पूजन

# बिरूल बाजार बस स्टैंड का होगा सीमेंटिकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई।

क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने विकासखंड प्रभात पट्टन अंतर्गत ग्राम बिरूल बाजार में बस स्टैंड सीमेंटकरण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया। यह कार्य मुख्यमंत्री विशेष निधि से स्वीकृत 37 लाख 95 हजार रुपये की राशि से संपन्न होगा। भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि बिरूल बाजार में बस स्टैंड पर बारिश के मौसम में कीचड़ की समस्या के कारण ग्रामीणों एवं यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता था। क्षेत्रवासियों की मांग पर विधायक देशमुख ने मुख्यमंत्री विशेष निधि से राशि स्वीकृत कराकर सीमेंटकरण कार्य की सौगात दिलाई है। भूमि पूजन के अवसर पर विधायक देशमुख ने कहा कि बस स्टैंड के सीमेंटकरण से वर्षा ऋतु में कीचड़ की समस्या से राहत मिलेगी और ग्रामीणों व यात्रियों को आवागमन में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है तथा क्षेत्र के सतत विकास के लिए वे निरंतर प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर जप अध्यक्ष सोनाली विनोद पटेल, सरपंच जीवन बनकर, जप. सदस्य ज्योति मिलन आदि रहे मौजूद।

# जीप-बस की टक्कर के बाद एम्बुलेंस की चपेट में आए युवक की मौत, 6 गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर/भौंरा।




नेशनल हाईवे मार्ग पर धार फोदल ढाबे के पास स्थित पुलिया पर गुरुवार देर रात करीब 2 बजे हुए दोहरे हादसे ने नेशनल हाईवे की कार्यप्रणाली और सुरक्षा इंतजामों की पोल खोल दी। पहले छिंदवाड़ा से इंदौर जा रही एक प्राइवेट बस ने पुलिया के पास खड़ी पंचर गाड़ी को टक्कर मारी, और उसके कुछ ही देर बाद मौके पर पहुंची 1033 एंबुलेंस की चपेट में आने से 58 वर्षीय संतोष प्रजापति, निवासी कोडमा चिचोली की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चार वाहन एक साथ जा रहे थे, जिनमें से एक वाहन धार फोदल ढाबे के पास पंचर हो गया। तीन वाहन आगे निकल गए थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बस ने पुलिया पार करते समय खड़ी गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बस पुलिया से जा भिड़ी, हालांकि नीचे गिरने से बच गई। हादसे में कुछ लोगों को हल्की चोटें आईं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही अन्य वाहन लौटकर मौके पर पहुंचे। इन्हीं में सवार संतोष प्रजापति भी गाड़ी से उतरकर पंचर वाहन के पास खड़े थे। इसी दौरान पुलिस द्वारा बुलवाई गई 1033 एंबुलेंस तेज रफ्तार में घटनास्थल पर पहुंची। पुलिया पर पर्याप्त रोशनी और चेतावनी संकेतक न होने के कारण एंबुलेंस सीधे खड़ी गाड़ी से जा टकराई और संतोष प्रजापति उसकी चपेट में आ गए। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। टक्कर में एंबुलेंस चालक अमित दायमा और ईएमटी सौरभ चौरे भी घायल हुए, जिन्हें पुलिस ने वाहन से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

मिशन फूलवती के बाद मिशन भद्दू भी सफल

# बालाजीपुरम की पहल रंग लाई, बुजुर्ग को ससम्मान घर ले गए बेटे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।

हम सभी आपकी पूरी सेवा करेंगे..बस आप भी हम सभी के साथ रहकर सस्नेह रहकर अपना आशीष बरसाना, कुछ ऐसा ही कहना था उन तीनों बेटों और नाती-पोतों का.. जो अपनों से नाराज बुजुर्ग को मनाने बालाजीपुरम आए थे। गौरतलब है कि भारत के पांचवेधाम श्री रूकमणि बालाजी मंदिर बालाजीपुरम बैतूल ने बुजुर्ग माता-पाता को अपनों की प्रताडऩा से मुक्ति दिलाने और ससम्मान घर वापसी का अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत पिछले दिनों आमला के ही पास की बुजुर्ग फूलवती माता को वृंदावन के अनिरूध्दाचार्यजी के गौरी गोपाल आश्रम से वापस उसके बेटों के साथ लेकर आए। इसके बाद आमला के ससुन्द्रा गांव के भद्दू धाकड़ का मामला सामने आया। इसमें पांच बेटों के साथ तीस एकड़ जमीन को लेकर आपसी विवाद सामने आया था। इस संबंध में बालाजीपुरम संस्थापक सेम वर्मा ने 12 फरवरी की शाम एक बैठक का आयोजन किया था। इसमें बुजुर्ग माता-पिता के अलावा बेटों, रिश्तेदारों और समाज के लोगों को बुलाया गया था। बैठक का संचालन बालाजीपुरम से जुड़े समाजसेवी सुनील व्दिवेदी ने करते हुए बताया कि बालाजीपुरम में कोई भी अपनी अर्जी लगाता है तो पूरा बालाजीपुरम परिवार उसके साथ न्याय के लिए जुट जाता है।

बैतूल में अंडरब्रिज तथा अन्य स्टेशनों पर ट्रेनों के स्टॉपेज को लेकर की चर्चा

# केंद्रीय राज्य मंत्री ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से की अहम बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जनजातीय बहुल बैतूल संसदीय क्षेत्र में रेल एवं बुनियादी ढांचा संबंधी समस्याओं को लेकर केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से संसद भवन नई दिल्ली में विस्तृत बैठक कर क्षेत्र की जनता की आवाज़ को मजबूती से रखा। बैठक की शुरुआत में श्री उइके ने बैतूल शहर में यातायात की सबसे गंभीर समस्या रेलवे अंडरब्रिज को सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय बताया। उन्होंने बैतूल-मरामझिरी रेल खंड के किलोमीटर 850/240 पर सदर क्षेत्र में प्रस्तावित अंडर ब्रिज तथा बैतूल रेलवे माल-गोदाम के नागपुर सिरे पर माचना नदी (रामनगर की ओर) स्थित अंडर ब्रिज को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की मांग रखी। उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से कहा कि अंडरब्रिजों के अभाव में शहर रोज़ जाम से जूझ रहा है। एम्बुलेंस और आपातकालीन सेवाएं बाधित हो रही हैं तथा दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। जबकि दोनों प्रस्ताव मंडल एवं जोनल स्तर से स्वीकृति के साथ रेलवे बोर्ड को भेजे जा चुके हैं।



### मुलताई रेलवे स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग

श्री उइके ने मुलताई रेलवे स्टेशन की वर्षों से हो रही उपेक्षा का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि धार्मिक, सामाजिक एवं व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मुलताई नगर को आज भी पर्याप्त रेल ठहराव से वंचित रखा गया है। उन्होंने अमरावती-बलपुर एक्सप्रेस, ग्रैंड ट्रंक एक्सप्रेस एवं जयपुर-चेन्नई एक्सप्रेस के मुलताई स्टेशन पर ठहराव की मांग रखते हुए कहा कि यह केवल सुविधा नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास का प्रश्न है। बैठक में श्री उइके ने बैतूल रेलवे स्टेशन को क्षेत्रीय रेल हब के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने श्रद्धा सेतु एक्सप्रेस, पूरी हमसफर एक्सप्रेस, आंध्र प्रदेश एक्सप्रेस एवं भगत की कोठी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग रखी। साथ ही अमरावती सुपरफास्ट एक्सप्रेस एवं नरखेड़ इंटरसिटी एक्सप्रेस को बैतूल तक विस्तारित करने का प्रस्ताव रखा, जिससे बैतूल सीधे देश के प्रमुख शहरों से जुड़ सके।

### अन्य रेलवे स्टेशनों की समस्याएं भी रखीं

श्री उइके ने घोड़ाडोंगरी रेलवे स्टेशन पर अमरावती-जबलपुर एक्सप्रेस एवं नागपुर-इंदौर एक्सप्रेस के ठहराव की मांग रखी। इसके साथ ही आदिवासी बहुल बरबटपुर एवं ढोढरामोहार रेलवे स्टेशनों पर पेंचवेली एक्सप्रेस के ठहराव की मांग करते हुए कहा कि इससे दूरदराज़ के गांवों के लोगों को आवागमन में परेशानी से निजात मिलेगी। श्री उइके ने आमला रेलवे स्टेशन पर समता एक्सप्रेस, सिकंदराबाद एक्सप्रेस, जयपुर-चेन्नई एक्सप्रेस, मैसूर-जयपुर एक्सप्रेस, सेवाग्राम एक्सप्रेस तथा पूरी-जोधपुर एक्सप्रेस के ठहराव/विस्तार की मांग रखी। उन्होंने कहा कि इन ट्रेनों के ठहराव से आमला सहित आसपास के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के यात्रियों को सीधी और सुगम रेल सुविधा उपलब्ध होगी।

### रेलवे की रिक्त भूमि पर कोच फैक्ट्री की मांग

आमला रेलवे स्टेडियम एवं रेलवे पार्क के नवीनीकरण की मांग उठाते हुए कहा कि यह स्थान स्थानीय खिलाड़ियों, युवाओं और परिवारों के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन लंबे समय से उपेक्षा का शिकार रहा है। उन्होंने यह भी प्रस्ताव रखा कि आमला में रेलवे की उपलब्ध रिक्त भूमि पर सोलर पावर जनरेशन प्लांट अथवा कोच फैक्ट्री की स्थापना की जाए, जिससे न केवल रेलवे को लाभ होगा बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। दादाधाम इंटरसिटी बंद होना जनता के साथ अन्याय है। श्री उइके ने नागपुर-भुसावल सुपरफास्ट इंटरसिटी (दादाधाम एक्सप्रेस) के बंद होने को जनता के साथ अन्याय बताते हुए इसके शीघ्र पुनः संचालन की मांग की। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन के बंद होने से मुलताई, आमला, बैतूल, घोड़ाडोंगरी, टिमरनी, हरदा, खिरकिया एवं छनेरा के हजारों यात्रियों को रोज़ परेशानी उठानी पड़ रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय राज्य मंत्री द्वारा उठाए गए सभी विषयों को गंभीरता से सुना और संबंधित प्रस्तावों पर रेलवे बोर्ड एवं अधिकारियों से परीक्षण कर शीघ्र आवश्यक एवं सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## खबर संक्षेप

### ग्राम तीखड़ में युवक को विवाद के चलते चाकू मारा

**इटारसी।** ग्राम तीखड़ में एक युवक को विवाद के चलते चाकू मारकर घायल किया है। घटना की शिकायत पीड़ित ने पथरोटा थाना में दर्ज करायी है। पुलिस के अनुसार तीखड़ में सुनील पिता राजकुमार बामने 27 वर्ष को अशोक पिता राजेश बंशकार निवासी सतरामहू थाना शाहगंज जिला सीहोर ने गालियां देते हुए पेट में चाकू मार दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### शराब के लिए पैसे नहीं देने पर महिला से मारपीट की

**इटारसी।** पीपल मोहल्ला में एक युवक ने शराब के पैसे नहीं देने पर महिला से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पार्वती पति विशाल जाटव 40 वर्ष ने शिकायत दर्ज कराई है कि राहुल निवासी नाला मोहल्ला ने शराब पीने के लिए पैसे मांगे, नहीं देने पर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इंदिरा कालोनी में तीन युवकों ने एक युवक को गालियां दीं तथा जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार इंदिरा कालोनी निवासी अंबर जैन पिता प्रशांत जैन 29 वर्ष ने आवेश राइन, तनवीर राइन और उनके एक अन्य पर मामला दर्ज कराया है।

### प्रशासनिक मुस्तैदी और सुरक्षा के कड़े इंतजाम

# 3 दिवसीय तिलक सिंदूर मेला आज से 16 फरवरी तक, व्यापक तैयारियां की गईं

जिले के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल तिलक सिंदूर में 14 से 16 फरवरी तक तीन दिवसीय मेले का आयोजन होगा। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



जिले के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल तिलक सिंदूर में 14 से 16 फरवरी तक तीन दिवसीय मेले का आयोजन होने जा रहा है। श्रद्धालुओं की भारी संख्या और आस्था को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशन और एसडीएम इटारसी नीलेश शर्मा के मार्गदर्शन में व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### प्रशासनिक मुस्तैदी और सुरक्षा के कड़े इंतजाम

मेले के सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत केसला सुमन खातरकर को मेला अधिकारी नियुक्त किया है। सुरक्षा व्यवस्था में प्रशासन कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहा है।

**सुरक्षा बल :** मेला परिसर की सुरक्षा के लिए लगभग 200 पुलिस जवान तैनात रहेंगे।

**कंट्रोल रूम :** पूरे मेला क्षेत्र की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने हेतु एक विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

**निरंतर समीक्षा :** अनुविभागीय दंडाधिकारी इटारसी नीलेश शर्मा स्वयं मेला स्थल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे हैं।

### मूलभूत सुविधाओं के इंतजाम

मेला क्षेत्र में आने वाले भक्तों के लिए प्रशासन ने ये सुविधाएं सुनिश्चित की हैं।

**यातायात एवं पार्किंग :** भीड़ को नियंत्रित करने के लिए दोपहिया, तिपहिया, चारपहिया वाहनों और ट्रैक्टर-ट्रॉली के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल बनाए गए हैं।

**स्वच्छता और पेयजल :** परिसर में 20 शुष्क शौचालय और महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम बनाए जा रहे हैं। पीएचई विभाग को नियमित पेयजल जांच के निर्देश दिए गए हैं।

**बिजली और आपातकालीन सेवा :** एमपीईबी को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही, किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए फायर फाइटर और अग्निशामक यंत्रों की व्यवस्था की गई है।

### आस्था का केंद्र है तिलक सिंदूर

महाशिवरात्रि और बसंत के इस पावन समय पर बाबा भोलेनाथ के दर्शन हेतु जिले भर से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। प्रशासन का प्रयास है कि इस वर्ष भी भक्त बिना किसी असुविधा के सुगमता से भगवान की आराधना कर सकें।

### कैसे जाएं तिलक सिंदूर

तिलक सिंदूर मंदिर जाने के लिए आप इटारसी से सड़क मार्ग का उपयोग कर सकते हैं।

**दूरी और समय :** इटारसी से तिलक सिंदूर मंदिर की दूरी लगभग 18.5 किमी है, जिसमें कार से जाने पर करीब 36 मिनट का समय लग सकता है।

**रास्ता :** आप धरमकुंडी-इटारसी रोड और जमानी तिलक सिंदूर मार्ग के जरिए वहां पहुंच सकते हैं।

**मेले के दौरान यातायात :** 14 से 16 फरवरी 2026 तक लगने वाले मेले के कारण प्रशासन ने वाहनों दोपहिया, तिपहिया, चारपहिया और ट्रैक्टर-ट्रॉली के लिए अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था की है।

**विशेष सावधानी :** जुझारपुर रेलवे गेट को मरम्मत के कारण 1 महीने के लिए बंद किया गया है, इसलिए आपको वैकल्पिक रास्ते का उपयोग करना पड़ सकता है। हालांकि, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस गेट को मेले के दौरान खोलने की मांग भी की गई है।

# स्टेट हाईवे से 30 फीट दूर से लगेंगी मेले में दुकानें

## एसडीएम ने सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर-नर्मदापुरम मार्ग स्थित शिव मंदिर परिसर में पांच दिवसीय महा शिवरात्रि मेला सजने वाला है। मेले में पर्याप्त जन सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश गत दिवस एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने निरीक्षण दौरान दिए हैं। सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, उपयंत्री बृजेश खानोरकर तथा राजस्व निरीक्षक संजय परसाई ने बताया कि इस वर्ष स्टेट हाईवे से 30 फीट की दूरी के बाद मेले में दुकान लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए नगर परिषद द्वारा बेरीकेटिंग की जा रही है। एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने उक्त निर्देश गुरुवार शाम दिए थे व शुक्रवार सुबह से बेरीकेटिंग का कार्य नगर परिषद द्वारा प्रारंभ किया गया है। इस दौरान दुकानों के लेआउट भी डाले गए हैं। वहीं झूले वालों को सेफ्टी सर्टिफिकेट प्राप्त करने की हिदायत पुनः दी गई है।

### तय की दुकानों की दरें

नगर परिषद सोहागपुर सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि महा शिवरात्रि मेला वर्ष 2026 में लगाई जाने वाली दुकानों की दरों का निर्धारण किया गया है। शर्मा ने बताया कि गत वर्ष के समान ही दरों का निर्धारण किया गया है। लेकिन इस वर्ष चूंकि पांच दिवसीय मेला लगा है, अतः दुकानदारों को एडवांस में राशि नप कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। दुकानों के साइज के पांच क्रम निर्धारण किए गए हैं, जिनमें 5 गुणा 5 फीट, 10 गुणा 10 फीट तथा 15 गुणा 15 फीट की दुकानें लगेंगी। इसके अलावा प्रसाद, फूलमाला तथा चलित दुकानें निशुल्क रूप से लगाई जा सकेंगी।

# जन अभियान परिषद ने नगतरा में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया, नेत्र रोगी ने लाभ लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नगतरा द्वारा ग्राम में गत दिवस निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम के हनुमान मंदिर चौराहा प्रांगण में सेवा सदन बैरागढ़ के सहयोग से यह शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन सोहागपुर मित्र संघ समिति द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान 2026 के अंतर्गत किया गया। जिसमें विकासखंड समन्वयक का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

शिविर के सफल संचालन में ग्रामीणों सहित शुभम सराठे, शिवानी, श्रीकांत पटेल, रामकुमार पटेल, त्रिलोचन, हरिमोहन आम्रवंशी आदि उपस्थित थे।

इस दौरान ग्रामीणों को संकल्प दिलाया गया कि वे नर्मदा तट की सफाई, पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण कार्य में सतत सहभागिता करेंगे। इस दौरान गांव के बीएसडब्ल्यू तथा एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थी, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# सांडिया ग्राम में निशुल्क नेत्र शिविर, 50 मरीजों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सांडिया में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 120 मरीजों की आंखों की जांच की गई। सिविल अस्पताल के सहायक नेत्र चिकित्सक डॉ. श्याम सुंदर सोडानी ने बताया कि जांच के दौरान करीब 50 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है। इन मरीजों को भोपाल के निजी अस्पताल में भर्ती कर ऑपरेशन हेतु भेजा गया। मरीजों और उनके सहायकों के लिए रहने और भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। ऑपरेशन के बाद मरीजों को काला चश्मा व दवाइयां भी मुफ्त प्रदान की जाएंगी।

# पिपरिया क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों का विस्तार शिकायतों के बावजूद नहीं हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत अंतर्गत राईखेड़ी, बीजनवाड़ा, मटकुली, पनारी और वनवारी सहित नगर पालिका क्षेत्र से 3–5 किमी दूरी पर अवैध कॉलोनियों का तेजी से विस्तार हो रहा है। आरोप है कि कॉलोनाइजर दलालों के माध्यम से सीधे कृषि भूमि खरीदकर बिना वैधानिक अनुमति प्लॉटिंग कर रहे हैं और बिजली, पानी, सड़क, नाली व डायवर्जन की सुविधाओं का वादा कर लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। राईखेड़ी के जनपद सदस्य आशुतोष पुरोहित ने बताया कि कई शिकायतों के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इशिता वेयरहाउस के सामने वर्षों से मकान बने हैं, लेकिन रजिस्ट्री में दर्शाई गई 18 फीट सड़क और नालियों का निर्माण नहीं हुआ। मटकुली में आदिवासी भूमि की बिक्री को लेकर भी अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आकिप खान ने कहा कि औपचारिक शिकायत मिलने पर जांच टीम गठित कर कार्रवाई की जाएगी।

# 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया नगर पालिका परिषद क्षेत्र में महादेव दादा समिति द्वारा आयोजित 18वां वार्षिक सामूहिक विवाह सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस वर्ष 51 जोड़े एक साथ वैवाहिक बंधन में बंधे। मंगलवारा चौराहे से गाजे-बाजे के साथ बारात निकाली गई और विधि-विधान से जयमाल व पाणिग्रहण संस्कार कराए गए। प्रत्येक जोड़े के साथ लगभग 50 लोग शामिल हुए।कार्यक्रम में विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर, पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल एवं अर्जुनलाल पलिया सहित कई जनप्रतिनिधि, पार्षद और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने नवदंपतियों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं।समिति के इस आयोजन में नगर के व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग रहा। सभी जोड़ों को गृहस्थी का सामान एवं उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम सफल आयोजन और सामाजिक सहयोग का उदाहरण बना।

# संभाग विजेता खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखन नगर



जिला स्तर पिट्टू प्रतियोगिता के उपरांत भोपाल संभाग के अंतर्गत जिला रायसेन में संभाग स्तरीय अंतर जिला ( महिला -पुरुष) पिट्टू प्रतियोगिता का आयोजन 11 एवं 12 फरवरी को आयोजन किया गया था, जिसमें जिला नर्मदा पुरम ने महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता में परचम लहराकर दोनों ही वर्गों में विजेता होने का गौरव हासिल किया। माखननगर महाविद्यालय क्रीड़ा अधिकारी एवं जिला नर्मदापुरम टीम के कोच डॉक्टर राजकुमार पटवा ने बताया कि संभाग स्तरीय महिला/ पुरुष प्रतियोगिता में सात- सात जिलों की टीमों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस महिला वर्ग में फाइनल मुकाबला जिला रायसेन एवं जिला नर्मदा पुरम के मध्य खेला गया, जिसमें जिला नर्मदा पुरम ने कड़े मुकाबले में जिला रायसेन को पराजित कर संभाग में विजेता होने का गौरव हासिल किया । वहीं प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस पुरुष वर्ग में जिला नर्मदापुरम ने भोपाल को पराजित कर संभाग स्तरीय ट्रॉफी पर कब्जा किया। जिला नर्मदापुरम टीम मैनेजर मंजू मेहरा ने बताया कि महिला वर्ग में जिला नर्मदा पुरम टीम में माखननगर महाविद्यालय की पांच छात्राओं क्रमशः कुमारी रचना, कुमारी चांदनी ,कुमारी प्रिया, कुमारी संजना यादव का श्रेष्ठ प्रदर्शन रहा और विजय श्री हासिल की। इसी तरह पुरुष वर्ग में माखन नगर महाविद्यालय के दो छात्र मनोज अहिरवार व निखिल अहिरवार ने जिला नर्मदापुरम टीम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भोपाल को पराजित कर ट्रॉफी कब्जे में कराई। प्रतियोगिता समापन उपरांत माखन नगर लोटे समस्त खिलाड़ियों का माखन नगर महाविद्यालय परिवार द्वारा ऐतिहासिक स्वागत किया। दोनों ही टीमों के कप्तान ने विजेता ट्रॉफीयां महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर नीता चौबे को सुपुर्द कर आशीर्वाद प्राप्त किया। महाविद्यालय क्रीड़ा प्रभारी डॉक्टर आई एस कनेश, ग्रंथपाल श्री अजय मेहरा, डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह चौहान ,डॉक्टर मनीष शर्मा , पंकज बेरवा, डॉक्टर कविता दुबे, डॉक्टर क्षमा मेहरा, डॉक्टर सुमन अवस्थी, डॉक्टर आकांक्षा यादव, शिवानी मालवीय,सुषमा यादव,संध्या गोलियां , मंजेश पचलिया, अमित ठाकुर, राम विलास , अशोक पाटिल, जितेंद्र अहिरवार,अशोक मेहर शाहिद समस्त महाविद्यालय परिवार व समस्त विद्यार्थियों ने पुष्प वर्षा की।

### बाल तस्करी विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन में मिशन वात्सल्य अंतर्गत बाल दुर्व्यापार विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सभा कक्ष में किया गया। कार्यक्रम में सचिव एवं न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, तृप्ति त्रिपाठी, अभय सिंह, ललित कुमार डेहरिया, शैलेन्द्र कौरव सहित बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, विशेष किशोर पुलिस इकाई, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, महिला सेल, महिला थाना, सीआरपीएफ, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, बाल देखरेख संस्थाओं एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित कुमार डेहरिया ने जानकारी दी। सचिव द्वारा बालकों के संरक्षण हेतु बनाए गए कानूनों तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं पर प्रतिभागियों को विस्तार से अवगत कराया गया।

# तीन पुलिया से मजदूर संघ ऑफिस तक का मार्ग 16 से बंद रहेगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर के प्रमुख मार्ग पर आवागमन करने वाले नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना है। पश्चिम मध्य रेल के सहायक मंडल अभियंता (कार्य) इटारसी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सड़क निर्माण कार्य के चलते तीन पुलिया से पश्चिम मध्य रेलवे मजदूर संघ कार्यालय तक का मार्ग पूर्णतः बंद किया जा रहा है। यह मार्ग 16 फरवरी से आगामी आदेश तक बंद रहेगा। इस क्षेत्र में सड़क निर्माण का कार्य प्रस्तावित है, जिसके सुचारू संपादन के लिए यातायात रोकना आवश्यक है। रेलवे प्रशासन ने सभी नागरिकों और संबंधित विभागों से अनुरोध किया है कि वे इस अवधि के दौरान वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और कार्य में सहयोग प्रदान करें। इस संबंध में सहायक मंडल अभियंता ने कलेक्टर होशंगाबाद, एसडीएम इटारसी, नगर पालिका, और विभिन्न थाना प्रभारियों आरपीएफ, जीआरपी, ट्रैफिक पुलिस सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु पत्र प्रेषित कर दिया है। 16 फरवरी से अपनी यात्रा की योजना वैकल्पिक मार्गों के अनुसार बनाएं ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

## भाजयुमो नर्मदापुरम का केंद्रीय बजट पर युवा संवाद

# रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर आगे बढ़ता भारत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




केंद्रीय बजट को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा नर्मदापुरम ने शुक्रवार को नर्मदा महाविद्यालय के युवाओं और छात्रों के साथ संवाद किया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक महालहा ने अतिथि स्वागत उद्बोधन के साथ ही कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए युवाओं को संबोधित किया।श्री महालहा ने युवाओं से कहा कि भाजयुमो हमारी सरकार 'जॉब सीकर' (नौकरी चाहने वाले) के बजाय 'जॉब क्रिएटर' (नौकरी देने वाले) बनने पर ज़ोर दे रही है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कर सलाहकार अधिवक्ता व बजट एक्सपर्ट पुष्पेश पालीवाल ने बजट को सरल भाषा में युवाओं के बीच रखा। इस संवाद में मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों के द्वारा पूछे गए बजट आधारित प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनकी जिज्ञासा का समाधान करने का भी प्रयास किया। पालीवाल ने कहा कि केंद्र के बजट में युवाओं को एआई , रोबोटिक्स और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसी भविष्य की तकनीकों में माहिर बनाने के लिए विशेष ट्रेनिंग और संस्थान खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश अब 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के मंत्र पर चलते हुए युवाओं को वैश्विक नौकरियों के लिए तैयार कर रहा है। कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने कहा कि उक्त बजट न केवल राष्ट्र के सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त करता है बल्कि अंत्योदय के संकल्प को सिद्ध करने वाला भी होगा। कार्यक्रम को जिला प्रभारी भाजयुमो लोकेश तिवारी ने भी संबोधित किया।

इस संवाद कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री मुकेश मैना, ज्योति चौरे, कार्यालय सह मंत्री वंदना दुबे, मंडल अध्यक्ष भाजपा रूपेश राजपूत, जिला महामंत्री भाजयुमो गुलाब बैंकर, जिला मंत्री गौरव नायक, विमल साहू , मुकेश राठौड़, पीयूष दुबे, महामंत्री दुर्गेश मिश्रा, प्रवेश सोनी सहित युवा मोर्चा के अन्य भी उपस्थित रहे।

### ऑडिटोरियम में 17 को लगेगा भव्य रोजगार मेला

**इटारसी।** नगर पालिका परिषद और वर्धमान फैब्रिक्स, बुधनी के संयुक्त तत्वावधान में 17 फरवरी को गांधी मैदान स्थित ऑडिटोरियम में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक चलने वाले इस मेले में 5वीं से 12वीं और उच्च शिक्षा उत्तीर्ण 18 से 25 वर्ष के युवक-युवतियां शामिल हो सकेंगे। नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने इसे युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम बताया है। चयनित अभ्यर्थियों को 3 माह की अप्रेंटिसशिप के बाद स्थायी नियुक्ति दी जाएगी। प्रारंभ में वेतन के साथ हॉस्टल सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। नपा अध्यक्ष ने युवाओं से अपील की है कि वे शिवरात्रि के इस पावन समय में कर्म और आत्मविश्वास के साथ इस अवसर का लाभ उठाएं।

# कृषि विज्ञान केंद्र गोविंद नगर में 6वां 1 वर्षीय कृषि आदान विक्रेता डिप्लोमा कोर्स प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कृषि विज्ञान केंद्र गोविंद नगर में कृषि आदान विक्रेताओं के लिए आयोजित छठवें एक वर्षीय डिप्लोमा प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कृषि विशेषज्ञ, अधिकारी एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में न्यास के प्रबंधक धर्मेन्द्र गुर्जर ने अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि आदान विक्रेताओं की भूमिका किसानों के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि किसान उन पर विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी प्रशिक्षणार्थियों का दायित्व है कि वे किसान हित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करें। इसे "एक बार पुनः छात्र जीवन जीने का अवसर" बताते हुए उन्होंने सभी को मनोयोग से प्रशिक्षण ग्रहण करने की प्रेरणा दी। उपसंचालक कृषि रविकांत सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण किसानों की सेवा के उद्देश्य से आयोजित है, इसलिए इसे गंभीरता से सीखना और व्यवहार में उतारना आवश्यक है।

सहायक संचालक कृषि गोविंद मीणा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए पाठ्यक्रम की संरचना और उद्देश्यों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि के रूप में न्यास के सह सचिव केशव महेश्वरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन केंद्र प्रभारी डॉ. संजीव कुमार गर्ग द्वारा किया गया। उन्होंने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षणार्थियों को तकनीकी ज्ञान के साथ नैतिक जिम्मेदारियों को समझने पर बल दिया। इस अवसर पर डॉ. देवीदास पटेल, डॉ. राजेंद्र पटेल एवं नोडल अधिकारी तोरण सिंह दांगी सहित अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि आदान विक्रेताओं को उन्नत कृषि तकनीक, उर्वरक एवं कीटनाशक प्रबंधन, बीज गुणवत्ता, किसान परामर्श तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर उन्हें अधिक सक्षम बनाना है, ताकि वे किसानों को सही मार्गदर्शन देकर कृषि क्षेत्र के सतत विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

## खबर संक्षेप

### हादसे में युवक की मौत पत्नी व बेटी गंभीर घायल

**हरदा।** गुरुवार रात एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह दुर्घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कडोला उबारी गांव के पास रात करीब दस बजे हुई। हादसे में मृतक की पत्नी और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया है। रहटगांव थाना क्षेत्र के कनगांव निवासी रामविलास बीड़ारिया राजपूत अपनी पत्नी उमा बाई और बेटी साक्षी के साथ हरदा में एक शादी समारोह से लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रामविलास की मौके पर ही मौत हो गई। जिला अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार, घायल उमा बाई और साक्षी की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर कर दिया गया है। उधर घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### अवैध शराब के विरुद्ध सख्त कार्रवाई

**हरदा।** आगामी महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर चारुवा में आयोजित होने वाले मेले को दृष्टिगत रखते हुए आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध सघन छापामार कार्यवाही की गई। आबकारी विभाग के दल ने गुरूवार को कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशानुसार तथा जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने के मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी ए.एस. बघेल व डी.एस. चौहान के नेतृत्व में जिले के खेड़ीपुरा, टंकी मोहल्ला, चारूवा व हरिपुरा में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 38 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब व 920 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 9 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। जप्त शराब का अनुमानित बाजार मूल्य 99600 रूपये है।

### विवाह समारोह में हर्ष फायर प्रतिबंधित

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सिद्धार्थ जैन ने जिले में विवाह समारोह के दौरान बंदूक से हर्ष फायर करने पर रोक लगाई है। उन्होने कहा कि यदि कोई शस्त्र लाइसेंसधारी ऐसा करता पाया जाता है तो उसके शस्त्र का लाइसेंस तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा।

### दिव्यांगों को बस किराए में 50 प्रतिशत छूट

**सीहोर।** राज्य शासन ने प्रदेश की सभी प्रक्रम बस सेवाओं में दिव्यांग व्यक्तियों को 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश दिये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर यह छूट मिल जायेगी।परिवहन आयुक्त द्वारा प्रदेश के सभी क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांगजन सक्षम प्राधिकारी के प्रमाण-पत्र के रूप में केन्द्र या राज्य शासन द्वारा जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी कार्ड प्रस्तुत करने पर किराये में 50 प्रतिशत छूट का लाभ दें। केन्द्रीय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा यूनिक आई.डी. फॉर पर्सन विद डिसेबिलिटी (यूडीआईडी) प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसमें दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड दिये जा रहे हैं। कार्ड के माध्यम से दिव्यांग केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। यूडीआईडी कार्ड निर्माण में मप्र देश में पहले स्थान पर है।

### 19 को सीहोर में लगेगा युवा रोजगार मेला

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय सीहोर में युवा रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला डॉ. अंबेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) परिसर में प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित किया गया है, जो युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के माध्यम से स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा नवीन प्रकरण स्वीकार किए जाएंगे।

---

आंगनबाड़ी जाने के लिए घर से निकला, दोपहर एक बजे से गायब था

# खंडहर स्कूल भवन में मिला साढ़े पांच साल के बच्चे का शव





हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम सुखरास में गुरुवार रात एक खंडहर स्कूल भवन के भीतर साढ़े पांच साल के बच्चे का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। मृतक की पहचान अनिल, पिता दीपक राजगोंड के रूप में हुई है। उसके बड़े पिता दिलीप राजगोंड ने बताया कि अनिल उनके छोटे भाई का बेटा था। अनिल की मां का निधन तब हो गया था जब वह दो महीने का था, जिसके बाद दिलीप और उनकी पत्नी ने उसे अपने बेटे की तरह पाला था। अनिल के पिता दूसरी शादी के बाद ग्राम मगरधा में रहते हैं। दिलीप ने बताया कि गुरुवार सुबह 9 बजे अनिल आंगनबाड़ी जाने के लिए घर से निकला था। दोपहर 1 बजे छुट्टी होने के बाद वह घर नहीं लौटा। दिलीप और उनकी पत्नी मजदूरी के लिए गए हुए थे। जब शाम 4 बजे तक बच्चा घर नहीं आया, तो उसकी तलाश शुरू की गई। तलाश के दौरान अनिल घर से करीब आधा किलोमीटर दूर एक खंडहर स्कूल भवन के अंदर मृत मिला। परिजन शव को घर ले आए और पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने गांव के सरपंच अनिल पुनासे के साथ मिलकर करीब दो साल से बंद पड़े स्कूल भवन और मृतक के घर के आसपास के इलाके में जांच की। फिलहाल बच्चे की मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। बताया जा रहा है कि दोपहर करीब डेढ़ बजे बच्चा स्कूल के रास्ते पर अकेला जाते हुए गांव के एक सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दिया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि शव के ऊपर एक कपड़ा पड़ा हुआ था। खंडहर स्कूल भवन के अंदर जाने वाले रास्ते पर कंटीली बाड़ लगी है, जिससे यह संदेह हो रहा है कि बच्चा उसके भीतर कैसे गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है।

**इनका कहना है...**

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों से पूछताछ कर सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है।

आर एस तिवारी, थाना प्रभारी सिविल लाइन थाना

---

छात्रा से कथित बलात्कार के बाद हत्या का मामला

# विधायक और एएसपी की चर्चा के बाद खरगोन-कूच आंदोलन वापस लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या।




छात्रा रक्षा जोहरे के साथ कथित बलात्कार के बाद हत्या करने के मामले में भारतीय आदिवासी पार्टी (बाप) के सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खरगोन बिट्टू सहगल के मध्य दूरभाष पर चर्चा के बाद खरगोन-कूच का आंदोलन वापस ले लिया गया। अब घटना की विवेचना एसडीओ पुलिस भीकनगांव राकेश आर्य करेंगे और एक सप्ताह में घटना का पर्दाफ़ाश नहीं होने पर पुनः आन्दोलन की चेतावनी दी गई है। गुरुवार की शाम करीब 6 बजे विधायक डोडियार सहित सैकड़ों आन्दोलनकारी खरगोन तक कूच कर गए थे, जिसमें मृतका के परिजनों सहित महिलायें और सामाजिक संगठनों के सैकड़ों लोग शामिल थे। उनमें पुलिस की असफलता को लेकर अत्यधिक आक्रोश था और कोई भी कदम वापस करने को तैयार नहीं था। इसलिए रात्रि में ही खरगोन-कूच के लिए पैदल ही चल पड़े थे और वे करीब 7,8 किमी दूर ग्राम चैनपुर पंहुच गए थे। लेकिन एसडीओ पुलिस आर्य के अनुरोध पर काफिला कस्बे में रुक गया और चर्चा का दौर शुरू हो गया। प्रारम्भ में आर्य ने निष्पक्ष कारवाई का आश्वासन दिया तो माहौल कुछ सामान्य हुआ और चर्चा निर्णायक दौर में पहुँच गई।

इस दौरान पुलिस अधिकारी आर्य ने अपने मोबाइल पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहगल की विधायक डोडियार से चर्चा कराई तो उन्होंने कहा हम आपके दफ्तर आ रहे हैं। फलस्वरूप सहगल ने कहा कि मैं स्वयं आ रहा हूं और आपके आने की जरुरत नहीं है। इसके बाद माहौल सामान्य हुआ और दूरभाष पर ही चर्चा शुरू हो गई। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामला गंभीर है और हमारे संज्ञान में आ गया है। इसकी जांच के लिए आर्य को सौंपने के आदेश दे दिए गए हैं और शीघ्र ही घटना का पर्दाफ़ाश किया जावेगा। लेकिन डोडियार और ग्रामीणजन दोनों पूर्व जांच अधिकारियों पर मामले को प्रभावित करने के आरोप लगाए और वे उन्हें अन्यत्र पदस्थ करने की मांग पर अड़ गए। विधायक ने कहा कि वे सुबह पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखेंगे और उनके परिजनों से आर्य को पत्र सौंपने के लिए कहा है। उल्लेखनीय है कि घटना की प्रारम्भिक जांच उपनिरीक्षक लखमेसिंह सोलंकी ने की थी और बाद में थाना प्रभारी सेमलिया गहलोद द्वारा जांच की जा रही थी।

विधायक डोडियार सहित परिजनों और ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि छात्रा रक्षा जोहरे के साथ कथित बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई और उसका शव आभापुरी के समीप कुए में फेंक दिया गया था। वह शा.हाई स्कूल आभापुरी की कक्षा 10 वीं में पढ़ रही थी और अपने मामा के पास मिटावल में रहती थी और उसका मुख्य ग्राम खारवा है,जहां उसके माता पिता रहते हैं। विधायक ने कहा कि वे 15 फरवरी तक खरगोन जिले में ही हैं और यदि रात तक प्रगति नहीं हुई तो वे वापस लौट आवेंगे और फिर आन्दोलन का अगला पड़ाव खरगोन होगा। लेकिन जांच सही दिशा में आगे बढ़ी तो वे भोपाल प्रस्थित हो जावेंगे और विधानसभा में मामले को उठावेंगे।

---

# वन अधिकार अधिनियम के तहत उपखंड स्तरीय अधिकार समितियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा




वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदेश में विभिन्न स्तरों पर प्रशासनिक अधिकारियों के प्रशिक्षण-सत्रों की शुरुआत की गई है। प्रथम चरण में 21 जिला मुख्यालयों पर उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समिति के शासकीय एवं अशासकीय सदस्यों सहित जिला स्तर पर नामांकित मास्टर ट्रेनर्स के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला स्तर पर उपखण्ड समितियों के शासकीय व अशासकीय सदस्यों एवं नामांकित जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर शासकीय उत्कृष्ट अनुसूचित जाति बालक छात्रावास हरदा में दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रथम दिवस कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने छात्रावास पहुँचकर प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला संयोजक रवि कनोजिया ने प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं की जाने वाले कार्यवाही से अवगत करया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस राज्य स्तर से अधिकृत मास्टर ट्रेनर जंगलसिंह परते एवं श्रीराम काजले ने जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर व प्रशिक्षणार्थियों को वन अधिकार अधिनियम के प्रावधान में सामुदायिक वन अधिकारों, वन संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबन्धन के अधिकारों की मान्यता दिये जाने के संबंध में प्रशिक्षण दिया।प्रशिक्षण के दूसरे दिन राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा वन अधिकार के क्रियान्वयन से संबंधित प्रश्नों व शंकाओं का समाधान किया गया। प्रशिक्षण के समापन पर जिला संयोजक श्री कनोजिया द्वारा सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

---

नई दिल्ली में बैठक कर क्षेत्र की जनता की आवाज़ को मजबूती से रखा

# ट्रेनों के स्टॉपेज को लेकर रेल मंत्री से राज्य मंत्री मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



जनजातीय बहुल बैतूल संसदीय क्षेत्र में रेल एवं बुनियादी ढांचा संबंधी समस्याओं को लेकर केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से संसद भवन नई दिल्ली में विस्तृत बैठक कर क्षेत्र की जनता की आवाज़ को मजबूती से रखा। श्री उइके ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के समक्ष हरदा, खिरकिया, टिमरनी एवं छनेरा रेलवे स्टेशनों पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की वर्षों से लंबित मांग को भी गंभीरता से रखा। श्री उइके ने कहा कि ये सभी स्टेशन जनजातीय, ग्रामीण एवं कृषि-प्रधान क्षेत्रों से जुड़े हुए हैं, जहां से बड़ी संख्या में किसान, श्रमिक, विद्यार्थी, नौकरीपेशा लोग एवं व्यापारी प्रतिदिन यात्रा करते हैं। लेकिन पर्याप्त ट्रेनों के ठहराव के अभाव में यात्रियों को अन्य बड़े स्टेशनों तक निर्भर रहना पड़ता है, जिससे समय, धन और श्रम तीनों की हानि होती है। उन्होंने हरदा रेलवे स्टेशन पर सचखंड एक्सप्रेस एवं कर्नाटक एक्सप्रेस के ठहराव की मांग रखते हुए कहा कि यह स्टेशन क्षेत्रीय व्यापार एवं आवागमन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। वहीं खिरकिया रेलवे स्टेशन पर आसनसोल-अहमदाबाद एक्सप्रेस, जबलपुर-कोयम्बतूर एक्सप्रेस, जैसे प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग रखी गई। इसके अतिरिक्त टिमरनी रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करने के साथ-साथ पंजाब मेल एक्सप्रेस एवं कामायनी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की गई, जिससे हरदा जिले के ग्रामीण एवं औद्योगिक क्षेत्र को सीधा लाभ मिल सके। छनेरा रेलवे स्टेशन पर भी क्षेत्रीय यात्रियों की सुविधा को देखते हुए प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग रखते हुए श्री उइके ने कहा कि यह क्षेत्र लंबे समय से रेल सुविधाओं की उपेक्षा का शिकार रहा है। दादाधाम इंटरसिटी बंद होना जनता के साथ अन्याय है। श्री उइके ने नागपुर-भुसावल सुपरफास्ट इंटरसिटी (दादाधाम एक्सप्रेस) के बंद होने को जनता के साथ अन्याय बताते हुए इसके शीघ्र पुनः संचालन की मांग की। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन के बंद होने से मुलताई, आमला, बैतूल, घोड़ाडोंगरी, टिमरनी, हरदा, खिरकिया एवं छनेरा के हजारों यात्रियों को रोज़ परेशानी उठानी पड़ रही है।

---

# अवैध रेत उत्खनन पर खनिज, राजस्व और पुलिस की कार्रवाई, 48 घंटे में पोकलेन-जेसीबी समेत कई वाहन जब्त



**सीहोर।** नगर में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन पर शिकंजा कसने के लिए पिछले 48 घंटों से प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई लगातार जारी है। खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग की टीमों ने बुधनी, रेहटी और इछावर क्षेत्र में दबिश देकर पोकलेन, जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों सहित कई वाहनों को जब्त किया है।

**नर्मदा से खनन करते पकड़ी मशीन :** संयुक्त दल ने बुधनी और रेहटी क्षेत्र में नर्मदा नदी से अवैध रेत उत्खनन करते हुए एक पोकलेन मशीन और गिट्टी डस्ट से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की। इन वाहनों को कार्रवाई के बाद रेहटी थाने की अभिरक्षा में रखा गया है। इसी कार्रवाई के दौरान रेत का अवैध परिवहन करते हुए चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की गईं। इन्हें इछावर थाने को सुपुर्द किया गया है।कार्रवाई यहीं नहीं रुकी। दूसरे चरण में टीम ने फिर से बुधनी और रेहटी क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की।

इस दौरान नर्मदा नदी से रेत निकालते हुए एक और पोकलेन मशीन तथा एक जेसीबी मशीन पकड़ी गई। दोनों मशीनों को शाहगंज थाने की अभिरक्षा में रखा गया है।

**डंपर और एक अन्य ट्रॉली जब्त :** इसके अलावा रेत का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली इछावर थाने में जमा कराई गई, जबकि मुरूम खनिज का अवैध परिवहन करते एक डंपर को रेहटी थाने में जब्त किया गया है।

---

# राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम में स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन 16 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा।

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अन्तर्गत संचालित सभी पेंशन योजनाओं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत सभी पात्र हितग्राहियों की पेंशन फार्म तैयार कर पेंशन स्वीकृत करने एवं उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार दिव्यांग बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र तैयार करने हेतु जिले में स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया जाएगा।

उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि शिविरों में सामाजिक न्याय विभाग, स्वास्थ विभाग, शिक्षा विभाग, एवं महिला बाल विकास, सभी जनपदों व नगरीय निकायों को शत प्रतिशत स्क्रीनिंग हेतु जिम्मेदारी दी गई है। उप संचालक सिंह ने बताया कि शासन द्वारा जिले में निर्धारित दिनांक एवं स्थान तय किए गए है, जिसकी जिम्मेदारी सर्व संबंधित विभागों को सौपी गई है। उन्होने बताया कि 16 फरवरी को जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र हरदा, 18 फरवरी को जनपद पंचायत प्रागंण टिमरनी, 20 फरवरी को जनपद पंचायत प्रागंण खिरकिया, 23 फरवरी को नगर परिषद सिराली, 25 फरवरी को ग्राम पंचायत हंडिया, 27 फरवरी को ग्राम पंचायत रहटगांव, 09 मार्च को ग्राम पंचायत गोराखाल, 11 मार्च को ग्राम पंचायत चारूवा तथा 13 मार्च को ग्राम पंचायत सोडलपुर में स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किये जायेंगे। ये शिविर प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक आयोजित होंगे।

### वृद्धजनों के लिए लगा रहे विशेष शिविर

हरदा। सामाजिक न्याय विभाग एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जिले के वृद्ध एवं वरिष्ठजनों के स्वास्थ परीक्षण, योग अभ्यास एवं शारीरिक मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ पर ख्याल आदि कार्यक्रम के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. अनिल वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को वृद्ध आश्रम में स्वास्थ्य के साथ योग शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में वृद्धजनों को उनकी उम्र एवं स्थिति के अनुसार आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. मीनाक्षी चौरसिया की सलाह पर योग प्रशिक्षकों द्वारा योग अभ्यास कराया गया। साथ ही स्वस्थ रहने संबंधित सलाह दी गई। उन्होने जिले के सभी सामान्य वृद्धजन एवं आम नागरिकों से आग्रह किया है कि सभी शिविरों में उपस्थित होकर स्वास्थ सेवाओं का लाभ लें। वृद्धजनों, वरिष्ठों एवं आमजनों के लिए स्थानीय वृद्ध आश्रम में आगामी 19, 20 एवं 26, 27 फरवरी को सुबह 12 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर आयोजित किए जाएंगे।

---

शादी से लौटते समय बड़ा हादसा

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 20 लोग घायल - 6 नर्मदापुरम रेफर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

तहसील क्षेत्र के ग्राम ओडिया स्थित दीपाखेड़ा मोड़ के पास बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया। शादी समारोह से लौट रहे लोगों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे लगभग 20 लोग घायल हो गए। इनमें महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली में करीब 40 लोग सवार थे, जो होशंगाबाद जिले के होरिया पीपली गांव में अपने परिजनों के यहां आयोजित शादी समारोह से वापस भैरूंदा तहसील के ग्राम चींटीखेड़ा लौट रहे थे। इसी दौरान दीपाखेड़ा मोड़ पर सामने से आ रही एक कार को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर चालक नियंत्रण खो बैठा और ट्रॉली सड़क किनारे पलट गई।हादसे की सूचना मिलते ही 100 डायल और अन्य वाहनों की मदद से घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल रेहटी पहुंचाया गया।

प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल 6 लोगों को बेहतर इलाज के लिए नर्मदापुरम रेफर किया गया है। अन्य घायलों का इलाज रेहटी अस्पताल में जारी है। सूचना मिलते ही रेहटी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

### ट्रैक्टर जब्त, जांच शुरू

पुलिस ने ट्रैक्टर को थाने में खड़ा करवा दिया है और मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वाहन सड़क से अचानक नीचे उतर जाने के कारण अनियंत्रित हुआ और ट्रॉली पलट गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### पुलिस और एंबुलेंस की तत्परता

घटना की सूचना मिलते ही सलकनपुर चौकी प्रभारी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। अन्य घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी में किया जा रहा है।

---

मजदूरों किसानों के हित में नीतियां बनाए केंद्र सरकार: बैरागी

# श्रमिक कानूनों को खत्म कर श्रम संहिता पूंजीपतियों के पक्ष में लाने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मजदूर किसान विरोधी नीतियों का बाल बिहार मैदान पर संयुक्त किसान मजदूर मोर्चा के द्वारा विरोध दर्ज कराया गया। अखिल भारतीय किसान सभा श्रमिक हित में राष्ट्रीय आव्हान पर संयुक्त किसान मोर्चा संयोजक प्रहलाद दास बैरागी के नेतृत्व में मजदूरों के द्वारा प्रदर्शन किया गया। मजदूरों को मोर्चा के दिनेश मालवीय और सफीक अंजूम ने संबोधित करते हुए मजदूरों किसानों के लिए हानीकारक अत्यधिक सब्सिडी प्राप्त अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारतीय बाजारों में उतारने के व्यापार समझौते की नारेबाजी कर घौर निंदा की गई। संयुक्त किसान मोर्चा संयोजक प्रहलाद दास बैरागी ने कहा कि कृषि मंत्री के ग्रह जिले में शक्कर फेक्ट्री बंद हो चुकी है फैक्ट्री की भूमि पर भू-माफियाओं का कब्जा है तिलहन संघ बंद हो गया है। मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है और किसानों को अनाज का सही दाम नहीं मिल रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले में किसान और मजदूर हैरान परेशान बने हुए है। अमेरिका के साथ व्यापार समझौता भारतीय किसानों को तबाह कर देगा और अमेरिकी कृषि उत्पादों से भारतीय बाजार भर दिया जाएगा। पामाईल,मक्का, कपास और सेव, हेंडीक्राफ्ट, उत्पाद सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे।